संख्या-581/2018/1216/69-1-18-62(आसरा-37)/2015

प्रेषक,

अनिल कुमार बाजपेयी,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक :30 नवम्बर, 2018

विषयः शहरी गरीबों के लिये अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में "आसरा योजना" (आवासीय भवन) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-37 से जनपद-गोरखपुर की निकाय-गोरखपुर (मिलेनियम सिटी) की सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के 72 आवासों की 01 पुनरीक्षित परियोजना की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1852/64/10/आसरा/मूल्यवृद्धि/समिति/2017-18(वाल्यूम-3), दिनांक 06 जुलाई, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरी गरीबों के लिए अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में "आसरा योजना" (आवासीय भवन) के अन्तर्गत जनपद-गोरखपुर की निकाय-गोरखपुर (मिलेनियम सिटी) की 252 आवासों के सापेक्ष सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के 101 आवासों की 01 परियोजना हेतु शासनादेश संख्या-233/2015/710/69-1-15-62(आसरा-37)/2015, दिनांक 14 मार्च, 2015 द्वारा रू0 481.30 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात रू0 240.65 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी थी। अतएव जनपद-गोरखपुर की निकाय-गोरखपुर (मिलेनियम सिटी) की 252 आवासों में से 72 अनारम्भ आवासों को छोड़ते हुए निर्माणाधीन 180 आवासों के सापेक्ष सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के 72 आवासों की 01 पुनरीक्षित परियोजना के कार्यों को पूर्ण करने हेतु रू0 349.96 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-9 में अंकित परियोजना की अवशेष धनराशि (अवस्थापना सुविधा एवं मूल्यवृद्धि के फलस्वरूप देय अन्तर की धनराशि सहित) रू0 109.31 लाख (रू0 एक करोड़ नौ लाख इकतीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रूपये में)

| क्र0 सं0 | जनपद/ निकाय का नाम/ कुल आवासों की संख्या | मूल परियोजना की अवस्थापना सुविधाओं सहित कुल आवासीय लागत। | सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के आवासों की संख्या | सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के आवासों हेतु परियोजना की अवस्थापना सुविधाओं सहित मूल आवासीय लागत। | परियोजना हेतु प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त कुल धनराशि। | निर्माणाधीन 180 आवासों की पुनरीक्षित परियोजना की कुल लागत (अवस्थापना सुविधाओं सहित) | अवस्थापना सुविधाओं सहित निर्माणाधीन सामान्य वर्ग के लाभार्थियों हेतु 72 आवासों की कुल पुनरीक्षित परियोजना लागत। | अवशेष धनराशि (अवस्थापना सुविधाओं एवं मूल्यवृद्धि के रूप में देय अन्तर की धनराशि सहित) (8-6) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | गोरखपुर/ गोरखपुर(मिलेनियम सिटी)-252 आवास | 1200.88 | 101 | 481.30 | 240.65 | 874.90 | 349.96 | 109.31 |
| योग | | | | | | | | 109.31 |

(रूपये एक करोड़ नौ लाख इकतीस हजार मात्र)।

-2/

